PUBLICATION NAME : Fine Times

EDITION : Bhopal

DATE : 22-11-2021

PAGE : 04

ईडीआईआई को कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ने दी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की मान्यता

अहमदाबाद . एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ;ईडीआईआईद्ध को देश के स्किलिंग ईकोसिस्टम के क्षेत्र में भारत सरकार द्वारा ष्सेंटर ऑफएक्सीलेंसष् ;सीओईद्ध के रूप में मान्यता दी गई है। इस संबंध में कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय ;एमएसडीईद्ध द्वारा एक आधिकारिक राजपत्र अधिसूचना जारी की गई है। मंत्रालय द्वारा कई मापदंडों पर संस्थान की गहन जांच के बाद दी गई मान्यता शुरू में पांच साल के लिए वैध होगी। एमएसडीई द्वारा जारी सीओई की मान्यता दिशानिर्देशों के अनुसार एक ष्सेंटर ऑफएक्सीलेंसष् एक ऐसा निकाय हैए जो तेजी से उभरती टैक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देने के साथ विशिष्ट क्षेत्रों के लिए नेतृत्वए सर्वोत्तम अभ्यासए अनुसंधान और विकास सहायताए प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण और कौशल प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसका अर्थ है ऐसा निकाय जहां उच्चतम मानकों को बनाए रखा जाता है।

ईडीआईआई को स्किलिंग ईकोसिस्टम में एक उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। यह उद्योगए शिक्षाविदों और सरकारों के साथ सहयोगात्मक तरीके से काम करने वाला वन.स्टॉप राष्ट्रीय संसाधन केंद्र है। यह नए उद्यम निर्माण और रोजगार ब?ाने को सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण और दक्षता प्रदान करता हैए उभरते कौशल अंतराल को दूर करता है और उद्योग की जरूरतों से मेल खाने वाले नवाचारों के लिए अनुसंधान करता है।

ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ सुनील शुक्ला ने कहाए ष्यह बहुत गर्व की बात है कि ईडीआईआई को भारत सरकार के कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय द्वारा उत्कृष्टता केंद्र के रूप में मान्यता दी गई है। ईडीआईआई ने उद्यमिता विकास की अवधारणा को पेश किया और यह स्थापित किया कि कैसे उद्यमिता को किसी भी अन्य शैक्षणिक विषय की तरह अपना व्यवसाय स्थापित करने के लिए सीखा जा सकता है। कौशल और ज्ञान भारत के लिए आर्थिक विकास और सामाजिक विकास की प्रेरक शक्ति हैं और बदलते वैश्विक परिदृश्य को देखते हुए संस्थान ने उद्यमिता के आधार पर संपूर्ण आर्थिक विकास सुनिश्चित करने के लिए समाज के विभिन्न क्षेत्रों और वर्गों को लक्षित किया है।ष

रवांडा.इंडिया एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट सेंटर का उद्घाटन किगलीए रवांडा में केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री श्री वीण् मुरलीधरन के हाथों 15 नवंबर 2021 को हुआ। केंद्र की स्थापना एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया ;ईडीआईआईद्ध द्वारा भारत सरकार के विदेश मंत्रालय के साथ एक समझौते के तहत की गई है।यह ईडीआईआई द्वारा स्थापित छठा अंतरराष्ट्रीय ईडी केंद्र है। इससे पहले संस्थान ने कंबोडियाए लाओ पीडीआरए म्यांमारए वियतनाम और उज्बेकिस्तान में भी केंद्र स्थापित किए हैं। ईडीआईआई के महानिदेशक ने सेंटर के बारे में बताते हुए कहाए ष्उद्यमी उत्कृष्टता के उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए केंद्र मुख्य रूप से स्वदेशी उद्यमियों के बीच उद्यमशीलता की संस्कृति लाते हुए उन्हें पर्याप्त ज्ञान और अनुभव से लैस करेगाए उद्यमिता शिक्षाए प्रशिक्षण और व्यापार सलाहकार सेवाएं शुरू करेगाय नीति समर्थन और निर्माण सुनिश्चित करेगाए अधिकारियों को प्रशिक्षित करते हुए यह सुनिश्चित करेगा कि रवांडा में सूक्ष्मए लघु और मध्यम उद्यमों के उद्भवए पोषण और विकास के लिए एक अनुकूल व्यावसायिक वातावरण बनाया जाए।ष

उद्यमिता विकास गतिविधियों के निर्वाह को सुनिश्चित करने के लिएए संस्थान सक्षम प्रशिक्षक.प्रेरक और व्यावसायिक परामर्शदाताओं को भी संस्था से जो?गा और राष्ट्रीय और प्रांतीय स्तर पर नीति बनाने की प्रक्रिया को प्रभावित करेगा ताकि ऐसी नीतियां बनाई जा सकें जो उद्यमियों के अनुकूल हों।